डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) 470003
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
**DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR M.P. 470003**
(A Central University)

सुरक्षा अधिकारी

मोबा. नं. :7697425313, फोननं. 07582–264527
E-Mail – csosagarutd264527@gmail.com

क्रमांक / सुरक्षा / 2024 / 88

सागर, दिनांक:05.04.2024

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर पहाड़ी पर फैले जंगल–परिक्षेत्र में अवस्थित हैं। वर्तमान में गर्मी का मौसम चल रहा है। इस कारण जंगल में पतझड़ शुरु हो गया है, जिससे पत्ते सूखकर धरा की सतह पर पड़े हुये हैं। विश्वविद्यालय परिसर में आने–जाने वाले लोगों से अपील की जाती है कि परिसर में बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य प्रकार के धूम्रपान का सेवन न करें और ऐसा करने वालों को रोकें, जिससे कि आग लगने की सम्भावना नगण्य रहे। प्रकृति रुपी वन हमारी बहुमूल्य संपत्ति हैं। आपके किसी भी अवांछनीय कृत्य से वनों / जंगलों में आग लगने की घटना घटित हो सकती है। इससे विश्वविद्यालय परिसर की वन संपदा को क्षति पहुँच सकती है। इसलिए ऐसे कृत्यों से बचें। आग के ज्यादा भड़कने पर इसके नुकसान का हम स्वयं अनुमान कर सकते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में आग लगने की घटनाओं में सुरक्षा विभाग एवं जिला पुलिस प्रशासन की टीम को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतः सर्वसाधारण से आग्रह है कि विश्वविद्यालय में धूम्रपान संबंधी अवांछनीय गतिविधियॉं करने वाले लोगों के विरुद्ध सुरक्षा विभाग के हेल्पलाइन नं. 07582–264527, 8889882068 पर तत्काल सूचना देकर सहयोग करने का कष्ट करें, जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

सहयोग की अपेक्षा के साथ!

05.04.2024
(डॉ. हिमांशु कुमार)
सुरक्षा अधिकारी

प्रतिलिपिः–

1. कुलानुशासक को सूचनार्थ।
2. मीडिया अधिकारी को सूचनार्थ।
3. ✓ प्रभारी, आई.टी.सेल, वि.वि. साइट पर अपलोड करने हेतु।
4. माननीय कुलपति महोदया के निज सचिव को सूचनार्थ।
5. कुलसचिव के निज सहायक को सूचनार्थ।

05.04.2024
(डॉ. हिमांशु कुमार)
सुरक्षा अधिकारी